प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 14.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना शुरु, अब से थोड़ी देर बाद पहले राउंड का परिणाम आने की संभावना।
2. झारखंड स्थापना के रजत जयंती समारोह की तैयारी अंतिम चरण में, रांची में 15 और 16 नवंबर को ट्रैफिक रुट में बदलाव।
3. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन माह में सारंडा को वन अभयारण्य अधिसूचित करने का दिया आदेश, खनन की अनुमति देने से किया इनकार।
4. हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं के कारण राज्य के तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी, आज से दो दिन 9 जिलों में शीतलहर का अलर्ट।
5. जम्मू में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वाडो प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में झारखंड के सुधीर कुमार का शानदार प्रदर्शन, 48 से 51 किलो भारवर्ग में जीता स्वर्ण पदक।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना शुरु हो गयी है। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती की जा रही है। अब हम आपको सीधे लिए चलते हैं जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित को–ऑपरेटिव कॉलेज जहां हमारे संवाददाता मौजूद हैं।

****

झारखंड स्थापना के रजत जयंती समारोह की तैयारी अंतिम चरण में है। रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 और 16 नवंबर को विशेष महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे। इसके जरिये सभी जिलों की विशिष्ट पहचान प्रदर्शित की जायेगी। स्टॉलों पर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि महात्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगे।

****

रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस को लेकर ट्रैफिक रुट में बदलाव किया गया है। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि 15 और 16 नवंबर को नौ रुट पर ऑटो और ई–रिक्शा के परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है। इसके अलावा सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक के लिए शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध रहेगा। एसएसपी ने यह भी बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

****

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा पूरे राज्य में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा ने सदैव आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया है।

****

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश आर. महादेवन कल देवघर पहुंचे। देवघर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ ने उनका स्वागत किया। इस दौरान देवघर एयरपोर्ट पर कई न्यायाधीश और न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

****

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को सारंडा वन क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अदालत ने सुनवाई के दौरान सरकार को निर्देश

दिया कि तीन माह में सारंडा को अभयारण्य अधिसूचित कर वन अधिकार अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित करें कि वहां आदिवासियों व वनवासियों का अधिकार सुरक्षित रहे। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार के 24 हजार 941 हेक्टेयर को ही अभयारण्य घोषित करने के अनुरोध को ठुकराते हुए सारंडा वन क्षेत्र के 31 हजार 468 दशमलव दो पांच हेक्टेयर क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने को कहा।

****

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस–सीआईएससीई ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की डेटशीट जारी कर दी है। 12वीं की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 30 मार्च तक संचालित की जाएगी। रांची जोन में 10वीं तक के 20 स्कूल हैं। वहीं, 12वीं कक्षा की पढ़ाई 10 स्कूलों में होती है।

****

वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनधारियों के लिए डाक विभाग ने राहत की सौगात दी है। अब घर बैठे पेंशनभोगियों का जीवन प्रमाण पत्र बन रहा है। पलामू जिले में भी यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

****

हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं के कारण राज्य के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना जतायी है। विभाग ने आज से दो दिन रांची, पलामू और लोहरदगा समेत 9 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

****

झारखंड के युवा ताइक्वांडो खिलाड़ी सुधीर कुमार ने 69वीं राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 48 से 51 किलोग्राम भारवर्ग में सभी मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वियों को 2–0 के एकतरफा अंतर से हराकर झारखंड को सत्र 2025–26 का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। यह प्रतियोगिता जम्मू के भगवती नगर स्थित इंदौर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 9 से 13 नवंबर तक आयोजित हुई।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सारंडा को वन अभयारण्य क्षेत्र घोषित करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–झारखंड स्थापना दिवस पर 5 हजार 992 करोड़ की 166 योजनाओं का होगा शिलान्यास।
- हिन्दुस्तान ने लिखा है–स्थापना दिवस के लिए आठ मंत्रियों को जिलों का जिम्मा।
- प्रभात खबर के शब्द हैं–हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा, जल्द त्रुटियां दूर कर पेसा नियमावली लागू करें।
- दैनिक जागरण लिखता है–किसके सिर ताज, जनादेश आज।

****